
जबलपुर | शुक्रवार | 26 दिसंबर 2025 | वर्ष 76 | अंक 322 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु.5.00 navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social


# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

जबलपुर 77 वां वर्ष संस्करण




5 पीएम ने भारत का मस्तक किया ऊंचा


6 क्या सचमुच नोटों से हटेंगे बापू !


7 भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर बातचीत शुरू


8 अल्काराज ने कमाए 21 मिलियन डॉलर से अधिक


# एमपी का देश में सबसे तेजी से विकास

**02** लाख करोड़ लागत वाली औद्योगिक इकाइयों का शाह ने किया भूमिपूजन | **725** करोड़ रुपए की निवेश प्रोत्साहन राशि सिंगल क्लिक से वितरित की




**ग्वालियर, 25 दिसंबर. केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने ग्वालियर में आयोजित अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश अब देश का सबसे तेज़ी से विकास करने वाला राज्य बन गया है. उन्होंने कहा कि भारत जल्द ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है और इस ऐतिहासिक उपलब्धि में मध्यप्रदेश का योगदान सर्वाधिक होगा.**

मंत्री शाह ने बताया कि प्रदेश ने कृषि, उद्योग, पर्यटन, स्वास्थ्य, ऊर्जा, नवकरणीय ऊर्जा, सिंचाई और आधारभूत संरचना सहित हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रगति की है. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में निवेश के लिए अनुकूल वातावरण और स्पष्ट नीतियां बनाकर राज्य ने इस वर्ष देश में सबसे अधिक निवेश प्रस्ताव प्राप्त किए.

इस अवसर पर अमित शाह ने 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली औद्योगिक और निर्माण इकाइयों का भूमिपूजन किया और 5,810 करोड़ रुपए की औद्योगिक एवं सड़क विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया. इसके साथ ही 860 औद्योगिक इकाइयों को 725 करोड़ रुपए की निवेश प्रोत्साहन राशि सिंगल क्लिक से वितरित की गई. केंद्रीय मंत्री ने प्रदेश में उच्च रोजगार सृजन करने वाले उद्योगपतियों को सम्मानित किया और उद्योग एवं स्टार्टअप के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी की सराहना की. उन्होंने कहा कि पीएम मित्रा पार्क फाइव-एफ विजन किसानों को लाभ देने और कृषि उत्पाद का मूल्य वर्धन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है.

अमित शाह ने मध्यप्रदेश की भौगोलिक स्थिति को निवेश के लिए अत्यंत अनुकूल बताया और कहा कि इंदौर में विकसित मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक पार्क देश-विदेश के निवेशकों को आकर्षित कर रहा है. उन्होंने प्रदेश में सरप्लस बिजली, सस्ते मेट्रो परिचालन, डिजिटल इंडिया और स्टार्टअप के क्षेत्र में उपलब्धियों को भी उजागर किया.

उन्होंने कहा कि प्रदेश में 4.57 लाख से अधिक नई एमएसएमई इकाइयां पंजीकृत हुई हैं और 50 प्रतिशत स्टार्टअप महिलाएं चला रही हैं. इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल साहित कई नेता मुख्य रूप से उपस्थित थे.




## रीवा में बसामन मामा गौ अभ्यारण्य में प्राकृतिक खेती का शुभारंभ : शाह

**रीवा, 25 दिसंबर.** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रीवा जिले के बसामन मामा गौ वन्य विहार अभ्यारण्य में प्राकृतिक खेती के प्रकल्प का शुभारंभ किया. किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती है. अटल जी सुशासन और राष्ट्रीयता के प्रतीक थे, और विंध्य क्षेत्र उन्हें अत्यंत प्रिय था. गृहमंत्री ने रीवा में एशिया के सबसे बड़े सोलर प्रोजेक्ट, फोरलेन सड़कें और 24 घंटे सेवा देने वाला एयरपोर्ट का उल्लेख करते हुए क्षेत्र के तीव्र विकास को रेखांकित किया. (शेष पेज 12 पर)

## एक करोड़ का इनामी गणेश ढेर



**कंधमाल, 25 दिसंबर. हिडमा के बाद सुरक्षा बलों को नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता मिली है. ओडिशा के कंधमाल जिले में गुरुवार सुबह हुई मुठभेड़ में एक करोड़ रुपये के इनामी और नक्सलियों की केंद्रीय समिति के सदस्य गणेश उईके समेत छह नक्सली मारे गए. यह मुठभेड़ चाकापाड़ और बेलघर थाना क्षेत्र के गुम्मा जंगलों में हुई.**

सुरक्षा बलों के संयुक्त अभियान में ओडिशा पुलिस का स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप , केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की टीमें शामिल थीं. पुलिस सूत्रों के अनुसार सुबह करीब नौ बजे शुरू हुई मुठभेड़ में गणेश उईके को ढेर किया गया. गणेश उईके नक्सलियों की केंद्रीय समिति का सदस्य, प्रवक्ता और ओडिशा राज्य समिति का सचिव था, जिस पर एक करोड़ रुपये से अधिक का इनाम घोषित था. मुठभेड़ स्थल से गणेश के शव के पास तीन अन्य नक्सलियों के शव भी बरामद किए गए. वहीं, इसी इलाके में देर रात हुई एक अन्य मुठभेड़ में दो और नक्सली मारे गए, जो छत्तीसगढ़ के बीजापुर और सुकमा जिलों के निवासी बताए जा रहे हैं. इस तरह कुल छह नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि हुई है.

### उइके ढेर, ओडिशा नक्सलमुक्ति की ओर : शाह

**नयी दिल्ली, 25 दिसंबर .** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ओडिशा के कंधमाल जिले में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान बड़े नक्सली नेता गणेश उइके समेत छह नक्सलियों के मारे जाने को सुरक्षा बलों की बड़ी उपलब्धि बताया है. उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई से ओडिशा नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त होने की दिशा में निर्णायक चरण में पहुंच गया है. शाह ने गुरुवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी अपने संदेश में कहा कि यह नक्सल-मुक्त भारत के लक्ष्य की ओर एक महत्वपूर्ण सफलता है.

## एक नजर में



### राहुल ओबीसी कांग्रेस की बैठक में होंगे शामिल

**नयी दिल्ली.** कांग्रेस नेता राहुल गांधी जनवरी के आखिरी सप्ताह में प्रस्तावित ओबीसी कांग्रेस की राष्ट्रीय सलाहकार परिषद की बैठक में शामिल होने हैदराबाद जाएंगे. राहुल गांधी इस बैठक को संबोधित भी करेंगे. पार्टी सूत्रों ने बताया कि 27 दिसंबर को दिल्ली में पार्टी ने कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक बुलाई है. कार्यसमिति की बैठक में कांग्रेस मौजूदा राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा करेगी. इसमें मनरेगा समेत वोट चोरी पर सरकार को घेरने की रणनीति बनायी जाएगी. ओबीसी कांग्रेस ने भी अपनी राष्ट्रीय सलाहकार परिषद की बैठक उसी दिन कांग्रेस कार्य समिति की बैठक के तुरंत बाद बुलाई है. सलाहकार परिषद में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तथा कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे .

### 1 करोड़ 80 लाख की गांजे की खेप पकड़ाई

**अनूपपुर.** ओडिशा से मध्य प्रदेश लाए जा रहे 599 किलोग्राम गांजे के साथ एसटीएफ जबलपुर ने एक ट्रक को पकड़ा. जब्त गांजे की अनुमानित बाजार कीमत लगभग 1 करोड़ 80 लाख रुपये है, जबकि ट्रक की कीमत लगभग 30 लाख रुपये बताई जा रही है. जानकारी के अनुसार, ट्रक में लोहे की चादर से विशेष गुप्त कम्पार्टमेंट बनाया गया था, जिसमें गांजे के पैकेट्स छिपाकर परिवहन किया जा रहा था. एसटीएफ ने छत्तीसगढ़-मध्य प्रदेश सीमा के पास, अनूपपुर जिले के घने जंगल मार्ग पर यह ट्रक पकड़कर कार्रवाई की. मामले में अंकित विश्वकर्मा, निवासी जिला सीधी, और धनंजय सिंह पटेल, निवासी जिला सतना को गिरफ्तार किया गया है. अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है और गांजे की सप्लाई श्रृंखला का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच की जा रही है. इस सफलता से मध्य प्रदेश में नशीली दवाओं की तस्करी पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी.

## बांग्लादेश में भीड़ ने हिंदू युवक को पीट-पीटकर मार डाला

**राजबाड़ी, 25 दिसंबर. बांग्लादेश के राजबाड़ी इलाके में बुधवार देर रात जबरन वसूली के शक में भीड़ ने एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी.**

स्थानीय मीडिया में आई जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान अमृत मंडल उर्फ सम्राट के रूप में हुई है. स्थानीय लोगों के मुताबिक, सम्राट ने एक आपराधिक गिरोह बना रखा था और वह लंबे समय से जबरन वसूली और अन्य आपराधिक गतिविधियों में लिप्त था. वह हाल ही में घर लौटा था और कथित तौर पर गांव के ही एक निवासी शाहिदुल इस्लाम से रंगदारी मांगी थी. कल रात जब सम्राट और उसके गिरोह के सदस्य पैसे लेने शाहिदुल के घर पहुंचे, तो घर वालों ने डाकू-डाकू चिल्लाकर शोर मचा दिया. शोर सुनकर ग्रामीण इकट्ठा हो गए और उन्होंने सम्राट की पिटाई कर दी.मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सम्राट को गंभीर हालत में बचाकर अस्पताल ले गई.

## विकास के पथ पर पूर्वोत्तर भारत : नड्डा

**नई दिल्ली, 25 दिसम्बर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूर्वोत्तर भारत विकास के पथ पर अग्रसर है और पूर्वोत्तर के राज्यों में हवाई, सड़क और डिजिटल कनेक्टिविटी में लगातार सुधार हो रहा है।**



जेपी नड्डा गुरुवार को क्रिसमस के अवसर पर यहां पूर्वोत्तर भारत के ईसाई समुदाय के समारोह में शामिल हुए। यह समारोह माउ नागा क्रिश्चियन फैलोशिप द्वारा आज यहां के राजपुर रोड़, सिविल लाइन स्थित चर्च में आयोजित किया गया। इस मौके पर श्री नड्डा के साथ भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री अनिल के. एंटनी, दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा और राष्ट्रीय प्रवक्ता टॉम वडक्कन सहित कई अन्य नेता मौजूद थे। इस मौके पर जेपी नड्डा ने ईसाई समुदाय को ईसा मसीह के जन्मदिवस पर शुभकामनाएं दीं।

## मोहन भागवत करेंगे संवाद

### भोपाल में संघ शताब्दी कार्यक्रम 2 और3 जनवरी को



**भोपाल,25 दिसंबर.नए वर्ष की शुरुआत मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में वैचारिक और सामाजिक विमर्श के साथ होगी. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष के अवसर पर 2 और 3 जनवरी को चार महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है, जिनमें सरसंघचालक मोहन भागवत समाज के विभिन्न वर्गों से सीधा संवाद करेंगे.**

इन कार्यक्रमों का उद्देश्य संघ की 100 वर्षों की यात्रा का मूल्यांकन करने के साथ-साथ आने वाले समय में समाज और राष्ट्र निर्माण में उसकी भूमिका को स्पष्ट करना है. संघ इन संवादों के जरिए अपने विचारों को संगठन से बाहर व्यापक समाज तक पहुंचाने का प्रयास करेगा.

## चित्रदुर्ग हादसे ने छीनी 9 जिंदगियां



**चित्रदुर्ग (कर्नाटक), 25 दिसंबर. कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले में गुरुवार तड़के हुए भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया. इस दर्दनाक दुर्घटना में अब तक नौ लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 21 लोग घायल बताए जा रहे हैं. पुलिस के अनुसार, हादसा उस समय हुआ जब एक कंटेनर ट्रक डिवाइडर पार कर सामने से आ रही निजी स्लीपर कोच बस से टकरा गया. जोरदार टक्कर के बाद बस में आग लग गई, जिससे यात्रियों में अफरातफरी मच गई.**

इस दुर्घटना में एक स्कूल बस भी चपेट में आ गई, हालांकि सौभाग्य से स्कूल बस में सवार किसी भी बच्चे को गंभीर चोट नहीं आई.

स्कूल बस के चालक, जो इस हादसे के प्रत्यक्षदर्शी भी हैं, ने बताया कि कंटेनर ट्रक डिवाइडर से टकराकर दूसरी लेन में आ गया और पहले स्लीपर बस को टक्कर मारी. इसके बाद स्लीपर बस उनकी स्कूल बस से जा टकराई. चश्मदीद ने बताया कि टक्कर के बाद जोरदार धमाका हुआ और कुछ ही पलों में स्लीपर बस आग की लपटों में घिर गई.

## सेना के जवान सोशल मीडिया पर नहीं कर सकेंगे पोस्ट

**नई दिल्ली,25 दिसंबर.**भारतीय सेना ने अपने जवानों के लिए सोशल मीडिया एप्स के इस्तेमाल को लेकर नई और सख्त नीति जारी की है. इस नीति के तहत यह स्पष्ट किया गया है कि सैन्यकर्मी किन प्लेटफॉर्म्स का उपयोग किस उद्देश्य से कर सकते हैं. जानकारी के अनुसार, इंस्टाग्राम जैसे एप्स का इस्तेमाल अब केवल जानकारी देखने और निगरानी तक सीमित रहेगा. जवान इन प्लेटफॉर्म्स पर कोई टिप्पणी, प्रतिक्रिया या राय साझा नहीं कर सकेंगे. केवल सामान्य और गैर-संवेदनशील जानकारी साझा करने की अनुमति दी गई है.

## राजगढ़ में नकाबपोश डकैतों का हमला

**राजगढ़( ब्यावरा ), 25 दिसंबर - राजगढ़ के मुख्य बाजार में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात लगभग एक दर्जन नकाबपोश डकैतों ने बंदूक, गुलेल और लोहे के औजारों से लैस होकर दो घंटे तक उत्पात मचाया. सराफा बाजार की दुकानों में ताले तोड़कर उन्होंने सोने-चांदी के जेवरात, आभूषण बनाने के औजार और लाखों रुपये की नगदी चोरी कर ली.**



डकैतों ने नागरिकों को धमकी दी और सराफा व्यापारी राजेन्द्र विजयवर्गीय की दुकान से 3 लाख रुपये नगद तथा पास की दुकानों से नकदी और जेवरात ले गए. गोपालचंद सोनी (75) की दुकान में तोड़-फोड़ का प्रयास असफल रहा. वारदात के दौरान कुछ युवाओं ने उनका पीछा किया, लेकिन बदमाशों ने गुलेल से हमला कर एक युवक को घायल किया और सड़क किनारे खड़ी बाइक भी चुरा ले गए. इस वारदात के बाद गुरुवार को सराफा व्यापारी सचिन सोनी के पिता श्यामसुंदर सोनी का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया. पुलिस अधीक्षक अमित सुरेश तोलानी ने बताया कि फॉरेंसिक टीम और खोजी कुत्तों के साथ मामले की जांच जारी है.

**उद्घाटन** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं.दीन दयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमाओं का किया अनावरण

## अटल जयंती पर देश को सौगात



**लखनऊ, 25 दिसंबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बसंत कुंज योजना अंतर्गत निर्मित राष्ट्र प्रेरणा स्थल का भव्य उद्घाटन किया. इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने परिसर में स्थापित महापुरुषों की डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं.दीन दयाल उपाध्याय और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की विशाल प्रतिमाओं का अनावरण कर उन्हें नमन किया.**

समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे. इसके पश्चात प्रधानमंत्री ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी गैलरी का भ्रमण किया. यहां उनके जीवन, विचारों और संघर्षों से जुड़े दुर्लभ चित्र प्रदर्शित किए गए हैं. राष्ट्र प्रेरणा स्थल को भारतीय राष्ट्रवाद की त्रयी-डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं.दीन दयाल उपाध्याय और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों और योगदान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विकसित किया गया है. वसंत कुंज स्थित यह परिसर कमल की आकृति में विकसित किया गया है. यहां तीनों राष्ट्रनायकों की 65 फीट ऊंची कांस्य प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं, जिनका निर्माण प्रसिद्ध मूर्तिकार राम सुतार और मंटू राम आर्ट क्रिएशंस ने किया है. फेसेड लाइटिंग और प्रोजेक्शन मैपिंग से प्रतिमाओं को भव्य स्वरूप दिया गया है.

वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने देश को विकास का एक नया विजन दिया और भारत को प्रगति की राह पर मजबूती से खड़ा किया.

उन्होंने याद दिलाया कि अटल जी ने ही अंत्योदय की सोच को केंद्र में रखकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की नींव रखी और सुशासन को राष्ट्रीय विमर्श का अहम हिस्सा बनाया. परिसर में राष्ट्र नायकों को समर्पित एक संग्रहालय भी बनाया गया है. इंटरप्रिटेशन वॉल पर भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन और स्वतंत्रता सेनानियों की गाथा को म्यूरल आर्ट के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है. संग्रहालय के प्रांगण में भारत माता की प्रतिमा राष्ट्रीय भावना का प्रतीक बनी हुई है.

## के-4एसएलबीएम का परीक्षण

**भारत की समुद्री ताकत में बड़ा इजाफा**



**नई दिल्ली,25 दिसंबर. भारत ने समुद्र आधारित परमाणु क्षमता को और मजबूत करते हुए एक गोपनीय पनडुब्बी-प्रक्षेपित बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया. यह परीक्षण बंगाल की खाड़ी में किया गया, जिसकी आधिकारिक घोषणा पहले नहीं की गई थी.**

यह परीक्षण परमाणु-सक्षम के-4 मिसाइल का था, जिसे अरिहंत-क्लास परमाणु पनडुब्बी से लॉन्च किया गया. सूत्रों के मुताबिक, परीक्षण को पूरी तरह गोपनीय रखा गया और इसके लिए नोटम भी जारी नहीं किया गया. ऐसा इसलिए किया गया, क्योंकि परीक्षण क्षेत्र में चीनी निगरानी जहाजों की मौजूदगी की आशंका थी. इस कदम से भारत की रणनीतिक तैयारियों और सुरक्षा क्षमताओं का संकेत मिलता है. रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि के-4 मिसाइल का सफल परीक्षण भारत की समुद्र आधारित न्यूक्लियर ट्रायड को मजबूती देता है. इससे भारत की सेकंड स्ट्राइक क्षमता सुनिश्चित होती है, यानी दुश्मन के पहले परमाणु हमले के बाद भी प्रभावी जवाब देने की क्षमता बनी रहती है.